जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2025/2163 दिनांक : 26.03.2025

//सूचना//

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध शासकीय, अनुदानित एवं अशासकीय महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर (म.प्र.)को सूचित किया जाता है कि परीक्षाऐं समाप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय भेजे जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल सही तरीके से नही भेजे जाते है, एवं बण्डलों पर अपूर्ण तथा त्रुटिपूर्ण जानकारी अंकित होने के कारण उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलो को पहचान करने में भ्रम होता है, एवं सम्बंधित छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम समय पर घोषित नही हो पाता है।

अतः समस्त केन्द्राध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि स्ट्राँगरूम द्वारा जारी निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार बण्डल भेजे जावे।

विश्वविद्यालयीन परीक्षायें वर्ष ....

1. कक्षा का नाम : कोड क्रमांक ....
2. विषय एवं प्रश्न-पत्र का नाम :
3. दिनांक :
4. परीक्षा केन्द्र का नाम :
5. उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या :
6. उत्तरपुस्तिकाओं का विवरण :
7. परीक्षा पाली समय सुबह .... या दोपहर ....

उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं का ध्यान रखा जावे।

1. **कला संकाय** पर लाल स्याही (स्केच) का प्रयोग किया जावे।
2. **विज्ञान संकाय** पर नीला स्याही (स्केच) का प्रयोग किया जावे।
3. **वाणिज्य संकाय** पर हरी स्याही (स्केच) का प्रयोग किया जावे।

1. केन्द्राध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय का नाम स्केच द्वारा एवं सील केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर नाम सहित सुस्पष्ट भाषा मे होवे, तथा (**नियमित/नियमित भूतपूर्व/नियमित पूरक**) का एक बण्डल एवं (**असंस्थागत/असंस्थागत भूतपूर्व/असंस्थागत पूरक**) की उत्तरपुस्तिकाओं का एक अलग बण्डल बनाकर भेजें। इन दोनों बण्डलों में टेग कर (डॉकेट सहित) भेजा जावे।

2. यदि किसी विषय एवं प्रश्न-पत्र में कोई छात्र/छात्रा उपस्थित नही (Nil) हैं की जानकारी डॉकेट सहित भेजी जाये।

3. उपरोक्त बिन्दुओ को ध्यान में रखकर आने वाली परीक्षाओं में विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करे ताकि छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम घोषित करने में किसी तरह से परेशानी का सामना न करना पड़े।

4. साथ ही केन्द्राध्यक्ष को यह भी सूचित किया जाता है कि जो परीक्षा दो पालियो में संचालित होती है। जिनके बण्डल अलग-अलग समन्वयक के पास जमा रहते हैं जिन्हें किसी एक ही समन्वयक के पास एकत्रित करें ताकि विश्वविद्यालय वाहन आने पर प्रेषित की जा सकें।

प्रभारी परीक्षा नियत्रंक

नोटः- उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल भेजने के संबंध में परीक्षा भवन (स्ट्राँगरूम) में कार्यरत श्री आर.के. चिलोंग्या से दूरभाष क्रमांक **9926455669** से सम्पर्क करें।

प्रति,

प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

प्रतिलिपिः-

1. कुलगुरु के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा.कुलसचिव (गोपनीय)